# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22-5-23 | 1 | 1-4 |

# मोटे अनाजों की नवीनतम जानकारी से पाठक होंगे लाभान्वित

## हरियाणा खेती मासिक पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का प्रो. बीआर कांबोज ने किया विमोचन

माई सिटी रिपोर्टर



हिसार में एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज 'हरियाणा खेती-मासिक हिंदी पत्रिका' के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन करते हुए। संवाद

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने 'हरियाणा खेती' मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी के उत्पादन, महत्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने और स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां लेख के रूप में दी गई है। इस विशेषांक में दी गई मोटे अनाज से संबंधित नवीनतम जानकारी से पाठक लाभान्वित होंगे।

कुलपति प्रो. कांबोज ने बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत देश के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष-2023 घोषित किया हुआ है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। भारत 1.8 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ मोटे अनाजों के लिए वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। पोषक अनाज एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत है, लेकिन कुछ वर्षों से ये भोजन की थाली से लुप्त होने लगे है। ऐसे में समय की मांग है कि इन्हें भविष्य के लिए भोजन का हिस्सा बनाया जाए ताकि मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहे। इस अवसर पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह, विस्तार शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ. सूबे सिंह, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, डॉ. अश्विनी कुमार व डॉ. सतपाल मौजूद रहे।

## भूमिहीन व अशिक्षित युवा मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपनाएं

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 37 प्रशिक्षणार्थियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते है। पूरे साल मौसम के हिसाब से इसका उत्पादन किया जा सकता है। संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि अभी हाल ही में प्रदेश में 21500 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ, जिसमें लगभग 99 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन सफेद बटन मशरूम का ही है। दिल्ली, लुधियाना, चंडीगढ़ के अलावा कई अन्य छोटे-बड़े शहरों के साथ साथ गावों में भी इसकी मांग बनी रहती है। प्रशिक्षण के आयोजक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि प्रदेश में ज्यादातर किसान केवल सर्दी के मौसम में सफेद बटन खुम्ब की काश्त करते हैं। मगर इसके अलावा दूसरी मशरूम जैसे ढींगरी व दूधिया मशरूम का उत्पादन भी लिया जा सकता है। पौध रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल वत्स ने बताया कि मशरूम का बीज 80 रुपये प्रति किलो के हिसाब से विश्वविद्यालय की मशरूम लैब में उपलब्ध करवाया जाता है। कोई भी किसान खुम्ब की बिजाई से 20-25 दिन पहले अपनी जरूरत के हिसाब से स्थान बुक करवा सकता है। डॉ. डीके शर्मा ने बताया कि मशरूम का बिस्कुट, पापड़, वड़ियां, कैंडी, केक, पिज्जा, सैंडविच, समोसा, टिक्की, बर्गर व अन्य कई तरह के चाइनीज व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे डिब्बाबंदी कर व आचार इत्यादि बना कर भी बेचा जा सकता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 22.5.23 | 9 | 1-3 |

## हरियाणा खेती पत्रिका श्रीअन्न का विमोचन

■ मोटे अनाजों की नई जानकारी की होगी जानकारी: कंबोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज हरियाणा खेती-मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरियाणा खेती मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया। मई माह के इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी के उत्पादन, महत्व, रखरखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के रूप में दी गई है। इसका उद्देश्य सभी को पोषक अनाजों के फायदे से अवगत करना है।

विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत के आह्वान पर यूएनए ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया था। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है व 1.8 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22.5.23 | 3 | 1-3 |

# 'हरियाणा खेती' का विशेषांक विमोचित

जागरण संवाददाता, हिसार : अंतरराष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 'हरियाणा खेती' मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया। मई माह के इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी आदि के उत्पादन, महत्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के रूप में दी गई है। इसका उद्देश्य सभी पाठकों को पोषक अनाजों व इनसे होने वाले फायदे से अवगत करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया हुआ है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत 1.8 करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ मोटे अनाजों के लिए वैश्विक केंद्र बनने की ओर है।

उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य ... मोटे अनाजों के उपयोग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर जन-आंदोलन का रूप देना है। पोषक अनाज एक महत्वपूर्ण खाद्य स्त्रोत है लेकिन कुछ वर्षों से ये भोजन की थाली से लुप्त होने लगे है। ऐसे में समय की मांग है कि इन्हें भविष्य के लिए भोजन का हिस्सा बनाया जाए ताकि मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहे। कुलपति ने बताया कि रागी (फिंगर मिल्लेट) कैल्शियम व पोटेशियम का सबसे बेहतरीन स्त्रोत है वहीं चेन्ना (प्रोसो मिल्लेट) और कुटकी से भरपूर होते हैं।



एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज 'हरियाणा खेती-मासिक हिंदी पत्रिका' के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन करते हुए। • पीआरओ

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 22.5.23 | 5 | 1-3 |

## हरियाणा खेती मासिक पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का किया विमोचन

# मोटे अनाज से संबंधित नवीनतम जानकारी से पाठक होंगे लाभान्वित : प्रो.काम्बोज

हिसार, 21 मई (विरेंद्र वर्मा): अंतर्राष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा 'हरियाणा खेती' मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया गया। मई माह के इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी आदि के उत्पादन, महत्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के रूप में दी गई है, जिसका उद्देश्य सभी पाठकों को पोषक अनाजों व इनसे होने वाले फायदे से अवगत करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत देश के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष-2023 घोषित किया हुआ है। हमारा देश अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। कुलपति ने बताया कि रागी (फिंगर मिल्लेट) कैल्शियम व पोटेशियम का सबसे बेहतरीन स्त्रोत है वहीं चेन्ना (प्रोसो मिल्लेट) और कुटकी (लिटिल मिल्लेट) विटामिन बी-6, फास्फोरस, फाइबर तथा एमिनो एसिड से भरपूर होते हैं। कंगनी (फॉक्सटेल मिल्लेट) हमारी प्राचीन फसलों में से एक है तथा इसमें बीटा केरोटिन, विटामिन और खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यह विशेष तौर पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए लाभप्रद है। कोडो मिल्लेट औषधीय गुणों से भरपूर है और यह कफ और पित्त दोष को शांत करता है तथा इसमें बैक्टीरिया व जलन रोधी गुण होने के कारण लाभप्रद है।



एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज 'हरियाणा खेती-मासिक हिंदी पत्रिका' के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन करते हुए।

कुलपति ने विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल के मार्गदर्शन में छपने वाली 'हरियाणा खेती' मासिक हिंदी पत्रिका और इस पत्रिका का संकलन कर रहे विस्तार शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ. सूबेसिंह व इनकी टीम को सफलतापूर्वक विशेषांक छापने पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी पोषक अनाज विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों से संबंधित विशेषांक को किसानों व आमजन तक पहुंचाने व इससे होने वाले फायदों के बारे में अवगत कराने के लिए वैज्ञानिकों, विस्तार शिक्षा विशेषज्ञों व शिक्षाविदें से आह्वान किया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा, डॉ. अश्विनी कुमार व डॉ. सतपाल मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दै लो हिसार | 22.05.2023 | | |

# हरियाणा खेती मासिक पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का किया गया विमोचन

हिसार। अंतर्राष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा 'हरियाणा खेती' मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया गया। मई माह के इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी आदि के उत्पादन, महत्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के



रूप में दी गई है, जिसका उद्देश्य सभी पाठकों को पोषक अनाजों व इनसे होने वाले फायदे से अवगत करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि विश्व में खाद्य सुरक्षा व पोषण को बढ़ावा देने के लिए भारत देश के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष-2023 घोषित किया हुआ है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत 1.8

**मोटे अनाजों से संबंधित नवीनतम जानकारी से पाठक होंगे लाभान्वित : प्रो.बी.आर. काम्बोज**

करोड़ टन से अधिक उत्पादन के साथ मोटे अनाजों के लिए वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि मोटे अनाजों के उपयोग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर जन-आंदोलन का रूप देना है। पोषक अनाज एक महत्वपूर्ण खाद्य स्त्रोत है लेकिन कुछ वर्षों से ये भोजन की थाली से लुप्त होने लगे है। ऐसे में समय की मांग है कि इन्हें भविष्य के लिए भोजन का हिस्सा बनाया जाए ताकि मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहे।

कुलपति ने बताया कि रागी (फिंगर मिल्लेट) कैल्शियम व पोटेशियम का सबसे बेहतरीन स्त्रोत है वहीं चेन्ना (प्रोसो मिल्लेट) और कुटकी (लिटिल मिल्लेट) विटामिन बी-6, फास्फोरस, फाइबर तथा एमिनो एसिड से भरपूर होते हैं। कंगनी (फॉक्सटेल मिल्लेट) हमारी प्राचीन फसलों में से एक है तथा इसमें बीटा केरोटिन, विटामिन और खनिज तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 21.05.2023 | | |

# हरियाणा खेती मासिक पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का किया गया विमोचन

हिसार। अंतर्राष्ट्रीय पोषण अनाज वर्ष 2023 मनाने की कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा ह्यहरियाणा खेतीह्न मासिक हिंदी पत्रिका के श्रीअन्न विशेषांक का विमोचन किया गया। मई माह के इस विशेषांक में पोषक अनाज वाली फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, सांवक, छोटी कंगनी व कुटकी आदि के उत्पादन, महत्त्व, रख-रखाव, मूल्य संवर्धन, खाद्य पदार्थ बनाने, स्वादिष्ट व्यंजन बनाने तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से संबंधित विशेष जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा दिए गए लेखों के रूप में दी गई है, जिसका उद्देश्य सभी पाठकों को पोषक अनाजों व इनसे होने वाले फ़ायदे से अवगत करना है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21-5-23 | 10 | 4-6 |

## एचएयू के 26 विद्यार्थियों का चयन

■ 25 विद्यार्थियों का एचडीएफसी-बैंक व एक को एलटी फूड्स में प्लसमेंट



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत देश के प्रसिद्ध एचडीएफसी बैंक की ओर से आर एम-रिटेल एग्री पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों का चयन हुआ जबकि एक विद्यार्थी अंशुल त्यागी का एलटी फूड्स लिमिटेड में चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित सभी 26 विद्यार्थियों को बधाई दी है।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हकृवि के विद्यार्थी अपनी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत देश में नहीं अपितु विदेशों में जाकर पढ़ाई में अपना, विश्वविद्यालय का और परिवार का नाम रोशन करते हैं। इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और परिवार को जाता है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक में चयनित छात्र-छात्राओं में एमबीए एग्री-बिजनेस के विद्यार्थी शामिल है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कृषि से जुड़े विभिन्न क्षेत्र जैसे शोध, कृषि विस्तार, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, उर्वरक संबंधी शोध एवं विपणन व बैंकिग में रोजगार प्राप्त कर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक में चयनित विद्यार्थियों को लगभग चार लाख रुपये और एलटी फूड्स लिमिटेड में चयनित विद्यार्थी को आठ लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। इस मौके पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा, छात्र कल्याण के सह-निदेशक (काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल व बिजनेस मैनेजमेंट विभाग से डॉ. अमिता गिरधर ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.5.23 | 5 | 1-3 |

## एचएयू के 25 विद्यार्थियों का बैंक व एक का फूड्स लिमिटेड में चयन



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज चयनित विद्यार्थियों के साथ।

हिसार, 20 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत भारत के प्रसिद्ध एच.डी.एफ.सी बैंक द्वारा आर एम-रिटेल एग्री पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुल 25 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जबकि एक विद्यार्थी अंशुल त्यागी का एल.टी. फूड्स लिमिटेड में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज़ ने चयनित सभी 26 विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हकृवि के विद्यार्थी अपनी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत देश में नहीं अपितु विदेशों में जाकर पढ़ाई में अपना, विश्वविद्यालय का और परिवार का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और परिवार को जाता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि एच.डी.एफ.सी बैंक में चयनित छात्र-छात्राओं में एम.बी.ए एग्री-बिजनेस के विद्यार्थी शामिल है।

विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कृषि से जुड़े विभिन्न क्षेत्र जैसे शोध, कृषि विस्तार, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, उर्वरक संबंधी शोध एवं विपणन व बैंकिग में रोजगार प्राप्त कर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि एच.डी.एफ.सी. बैंक में चयनित विद्यार्थियों को लगभग 4 लाख रुपये और एल.टी.फूड्स लिमिटेड में चयनित विद्यार्थी को 8 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा, छात्र कल्याण के सह-निदेशक (काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल तथा बिजनेस मैनेजमेंट विभाग से डॉ. अमिता गिरधर ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.5.23 | 3 | 5-5 |

न्यूज डायरी

## कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 26 विद्यार्थियों का चयन



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के कुल 25 विद्यार्थियों का एचडीएफसी बैंक में आरएम-रिटेल एग्री पद के लिए चयन हुआ। एक विद्यार्थी अंशुल त्यागी का एलटी फूड्स लिमिटेड में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने चयनित सभी 26 विद्यार्थियों को बधाई दी। इस मौके पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा, छात्र कल्याण के सह-निदेशक डॉ. सुबोध अग्रवाल, डॉ. अमिता गिरधर मौजूद रहे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.5.23 | 2 | 7-8 |

## एचएयू के 25 विद्यार्थियों का निजी बैंक में और एक विद्यार्थी का कंपनी में चयन

हिसार| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत भारत के प्रसिद्ध बैंक द्वारा आर.एम.रिटेल एग्री पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुल 25 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जबकि एक विद्यार्थी अंशुल त्यागी का निजी फूड्स लिमिटेड कंपनी में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित सभी 26 विद्यार्थियों को बधाई दी।।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हकृवि के विद्यार्थी अपनी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत देश में नहीं अपितु विदेशों में जाकर पढ़ाई कर अपना, विश्वविद्यालय का और परिवार का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और परिवार को जाता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि बैंक में चयनित छात्र-छात्राओं में एम.बी.ए एग्री-बिजनेस के विद्यार्थी शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 21.05.2023 | | |


# एचएयू के 25 विद्यार्थियों का एचडीएफसी बैंक व एक विद्यार्थी का एलटी फूड्स लि. में हुआ चयन



**समस्त हरियाणा न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत भारत के प्रसिद्ध एच.डी.एफ.सी बैंक द्वारा आर एम-रिटेल एग्री पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुल 25 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जबकि एक विद्यार्थी अंशुल त्यागी का एल.टी. फूड्स लिमिटेड में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित सभी 26 विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हकृवि के विद्यार्थी अपनी मेहनत और ईमानदारी की बदौलत देश में नहीं अपितु विदेशों में जाकर पढ़ाई में अपना, विश्वविद्यालय का और परिवार का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और परिवार को जाता है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन कर बधाई दी। उन्होंने बताया कि एचडीएफसी बैंक में चयनित छात्र-छात्राओं में एमबीए एग्री-बिजनेस के विद्यार्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि एच.डी.एफ.सी. बैंक में चयनित विद्यार्थियों को लगभग 4 लाख रुपये और एल.टी.फूड्स लिमिटेड में चयनित विद्यार्थी को 8 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज दिया जाएगा।

इस अवसर पर कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा, छात्र कल्याण के सह-निदेशक (काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल तथा बिजनेस मैनेजमेंट विभाग से डॉ. अमिता गिरधर ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.5.23 | 3 | 3-4 |

# एचएयू के विभिन्न पदों पर 64 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



एचएयू में पदोन्नत होने वाले कर्मियों के साथ कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया और 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया।

चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदोन्नत हुए है व 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पदोन्नति हुई है। उन्होंने ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा एवं एसवीसी कपिल अरोड़ा का भी धन्यवाद किया। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21.5.23 | 5 | 4-5 |

## एचएयू के विभिन्न पदों पर 64 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

हिसार, 20 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा गत दिवस 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदौन्नति के आदेश जारी किए गए, जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया तथा 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदौन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदौन्नत हुए है व 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। पदौन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि समयानुसार पदौन्नति होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है व उनके बचे सेवाकाल में इस पदौन्नति से उन्हें लाभ होगा। साथ ही वे अधिक उत्साह के साथ विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे सकेंगे। इस अवसर पर सभी पदौन्नत कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का धन्यवाद किया। साथ ही बताया कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पदौन्नति हुई है, इसके लिए उन्होंने ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा एवं एसवीसी कपिल अरोड़ा का भी धन्यवाद किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21. 5. 23 | 10 | 7-8 |

## एचएयू में 64 कर्मचारी पदोन्नति, कुलपति ने दी बधाई

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति दी गई है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इनकी पदोन्नति के आदेश जारी किए। इनमें से दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है जबकि 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, दो कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदोन्नत हुए है। 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है। एचएयू प्रशासन के इस कदम की गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर सभी पदोन्नत कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व एसवीसी कपिल अरोड़ा का भी आभार जताया।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-5-23 | 4 | 1 |

## एचएयू के विभिन्न पदों पर 64 कर्मचारी पदोन्नत

**हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज द्वारा गत दिवस 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया और 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21-5-23 | 9 | 6 |

## हकृवि के 64 कर्मचारियों को पदोन्नति का तोहफा

हिसार (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने 64 कर्मचारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया। इनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया तथा 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदोन्नत हुए हैं व 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 21.5.23 | 5 | 1 |

## एचएयू में 64 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

सच कहूँ न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा गत दिवस 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया तथा 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.05.2023 | | |

## एचएयू के विभिन्न पदों पर 64 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज द्वारा 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया तथा 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदोन्नत हुए है व 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 20.05.2023 | | |


# हकृवि में कुलपति प्रो. काम्बोज ने पदोन्नतियों की लगाई झड़ी : संघ

**हिसार, 20 मई ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ ने विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग को पूरा करने पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल व अनुसंधान निदेशक डा. जीत राम शर्मा का आभार व्यक्त किया है। हकृवि अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान राजकुमार गंगवानी व पूर्व महासचिव सुरेंद्र राणा ने आज एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों की पदोन्नति की मांग पिछले काफी समय से चली आ रही थी। संगठन ने इसको लेकर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज और कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल से मुलाकात कर इस मांग को पूरा करने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज और कुलसचिव डा. बलवान सिंह मंडल ने विश्वविद्यालय में 2 अधीक्षकों को लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी, 55 लिपिकों को सहायक, 4 प्रयोगशाला सहायकों को सीनियर प्रयोगशाला सहायक, 2 को कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक तथा 1 को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक के पद पर पदोन्नत किया। उन्होंने बताया कि पदोन्नति पाने वालों में अनुसूचित जाति से संबंधित कर्मचारियों की भी काफी संख्या में शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 20.05.2023 | | |

# एचएयू के विभिन्न पदों पर 64 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

नभ-छोर न्यूज ⏭ 20 मई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज द्वारा 64 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, जिनमें दो अधिकारियों को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया तथा 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया। इसी प्रकार, चार प्रयोगशाला सहायकों को वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, 2 कृषि निरीक्षकों को तकनीकी सहायक पद पर व एक कर्मचारी को अटेंडेंट से प्रयोगशाला सहायक बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि पदोन्नत सूची में अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी पद पर हरपाल सिंह व संदीप राणा पदोन्नत हुए हैं व 55 लिपिकों को सहायक पद पर पदोन्नत किया गया है।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22-5-23 | 4 | 3-5 |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर व्यावसायिक प्रशिक्षण सम्पन्न



*मशरूम उत्पादन तकनीक पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर संबोधित करते विशेषज्ञ।*

हिसार, 21 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी से कुल 37 प्रशिक्षणार्थियों सहित 2 महिलाओं ने भी भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि संस्थान सफेद बटन मशरूम के अलावा दूसरी कई तरह की मशरूम की प्रजातियों को भी बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है।

संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा प्रान्त में 21500 मैट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ, जिसमे लगभग 99 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन सफेद बटन मशरूम का ही है।

प्रशिक्षण के अंत में संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा की अगुवाई में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 22-5-23 | 5 | 1-5 |

# भूमिहीन व अशिक्षित युवा भी मशरूम उत्पादन को स्वरोज़गार के रूप में अपना सकते हैं : प्रो. काम्बोज

हिसार, 21 मई (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी से कुल 37 प्रशिक्षणार्थियों सहित दो महिलाओं ने भी भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते है तथा सारा वर्ष भी मशरूम की विभिन्न प्रजातियों जिनमें सफेद बटन मशरूम, ओयस्टर या ढींगरी, मिल्की या दूधिया मशरूम, धान के पुवाल की मशरूम इत्यादि उगाकर सारा साल मौसम के हिसाब से इसका उत्पादन किया जा सकता है। सरकार द्वारा भी किसानों तथा बेरोजगार युवाओं को इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान सफेद बटन मशरूम के अलावा दूसरी कई तरह की मशरूम की प्रजातियों को भी बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि अभी हाल ही में हरियाणा प्रान्त में 21500 मैट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ, जिसमे लगभग 99 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन सफेद बटन मशरूम का ही है। दिल्ली, लुधियाना, चंडीगढ़ के अलावा कई अन्य छोटे बड़े शहरों के साथ साथ गावों में भी इसकी मांग बनी रहती है और इसको बेचने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है।

इस प्रशिक्षण के आयोजक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि हरियाणा में ज्यादातर किसान केवल सर्दी के मौसम में सफेद बटन खुम्ब की काश्त करते है किन्तु इसके अलावा दूसरी मशरूम जैसे ढींगरी व दूधिया मशरूम का उत्पादन भी लिया जा सकता है किन्तु लोगों में अज्ञानता की वजह से लोग दूसरी खुम्बों का सेवन नहीं करते और खुम्ब उत्पादकों द्वारा इन खुम्बों की बिक्री में दिक्कत महसूस होती है।

## हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर व्यावसायिक प्रशिक्षण का समापन

कृषि महविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा के प्रेरणा स्वरूप तथा पौध रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल वत्स के सहयोग से किसानों को मशरूम टैक्नोलॉजी प्रयोगशाला का भी भ्रमण करवाया गया।

इस प्रशिक्षण में पौध रोग विभाग के डॉ. जगदीप सिंह ने सफेद बटन खुम्ब की छोटी तथा लंबी विधि से खाद तैयार करने, केसिंग तैयार करने इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ. डीके शर्मा ने बताया कि मशरूम से कई तरह के उत्पाद जैसे बिस्कुट, पापड़, वड़ियां, कड़ी, केंडी, केक, पिज्जा, सैंडविच, समोसा, टिक्की, बर्गर व अन्य कई तरह के चाइनीज व्यंजनो मे भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे डिब्बाबंदी करके, आचार इत्यादि बना कर भी बेचा जा सकता है जिससे आय में काफी वृद्धि हो सकती है। सब्जी विभाग के डॉ. राकेश कुमार चुघ ने ढींगरि और कीड़ा जड़ी या कोर्डीसेप मिलिटेरिस मशरूम व दूधिया मशरूम उगाने की विधि तथा डॉ. विकास कम्बोज ने मौसमी और वातानुकूलित वातावरण में सफेद खम्ब को उगाने से संबन्धित जानकारी दी। पौध रोग विभाग के सहायक वैज्ञानिक डॉ. अमोघवर्षा ने शीटाके मशरूम के महत्व और उत्पादन तकनीक पर व्याख्यान दिया। डॉ. निर्मल कुमार ने सफेद बटन खुम्ब उगाने व डॉ. संदीप भाकर ने खुम्ब व्यवसाय शुरू करने के लिए हरियाणा सरकार कि विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. सरोज यादव ने खुम्ब उत्पादन मे सूत्रकृमियों की रोकथाम के उपाय बताए। डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने खुम्ब मे नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों से सुरक्षित तरीकों पर प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। डॉ. पवित्रा पुनिया ने खुम्ब में मुख्यतया गीला बुलबुला व सूखा बुलबुला रोगों का प्रकोप से बचाने के लिए खुम्ब भवन में साफ सफाई, खाद व केसिंग का अच्छी तरह से निर्जीवीकरण इत्यादि करने पर बल दिया। प्रशिक्षण के अंत में संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा की अगुवाई में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-5-23 | 3 | 4 |

## हरियाणा प्रदेश में 21500 मीट्रिक टन मशरूम का हुआ उत्पादन

हिसार| अभी हाल ही में हरियाणा में 21500 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ, जिसमें करीब 99 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादन सफेद बटन मशरूम का ही है। दिल्ली, लुधियाना, चंडीगढ़ के अलावा कई अन्य छोटे-बड़े शहरों के साथ-साथ गांवों में भी इसकी मांग बनी रहती है और इसको बेचने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। यह बात संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने कही। मौका था चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन का। इसमें हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी से प्रशिक्षणार्थियों सहित दो महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

विवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 22.5.23 | 9 | 3 |

## मशरूम उत्पादन तकनीक का दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी से कुल 37 प्रशिक्षणार्थियों सहित दो महिलाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दै लो हिसार | 22.05.2023 | | |

# भूमिहीन व अशिक्षित युवा भी मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपना सकते है : प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर व्यावसायिक प्रशिक्षण का समापन**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, करनाल, पानीपत, रोहतक, रेवाड़ी से कुल 37 प्रशिक्षणार्थियों सहित दो महिलाओं ने भी भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि मशरूम एक ऐसा व्यवसाय है जिसे कम से कम लागत में शुरू किया जा सकता है। भूमिहीन, शिक्षित एवं अशिक्षित युवक व युवतियां इसे स्वरोजगार के रूप में अपना सकते है तथा सारा वर्ष भी मशरूम की विभिन्न प्रजातियों जिनमें सफ़ेद बटन मशरूम, ओयस्टर या ढींगरी, मिल्की या दूधिया मशरूम, धान के पुवाल की मशरूम इत्यादि उगाकर सारा साल मौसम के हिसाब से इसका उत्पादन किया जा सकता है। सरकार द्वारा भी किसानों तथा बेरोजगार युवाओं को इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मशरूम एक संतुलित आहार है इसमे कई तरह के पौष्टिक तथा औषधीय गुण मौजूद होते हैं, जिसके फलस्वरूप इसके नियमित सेवन से मनुष्य में रोगों एवं विकारों से बचाव में सहायक होती है। मशरूम उत्पादन के लिए कृषि अवशेषों का इस्तेमाल किया जाता है जिससे खाद्य सुरक्षा की सुनिश्चिता के साथ-साथ वायु प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान सफ़ेद बटन मशरूम के अलावा दूसरी कई तरह की मशरूम की प्रजातियों को भी बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-5-23 | 3 | 3-4 |

## हकृवि में मधुमक्खी पालन कार्यक्रम में 30 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मण्डल ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया।

उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई के कारण कृषि उत्पादन की लागत बढ़ रही है तथा अकेले कृषि व्यवसाय से घर का गुजारा चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। इसलिए किसानों के लिए अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए बेहतर फसल प्रबन्धन के साथ-साथ कृषि आधारित अन्य व्यवसायों को अपनाना आवश्यक हो गया है और मधुमक्खी पालन ऐसा ही एक लाभदायक व्यवसाय है। बेरोजगार युवा भी मधुमक्खी पालन को अपनाकर अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन से हमें शहद व दूसरे पदार्थ जैसे; मोम, पराग आदि तो मिलते हैं लेकिन इसके अलावा मधुमक्खियां परागण क्रिया द्वारा फसलों की पैदावार को भी कई गुणा बढ़ाकर किसानों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाती हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23.5.23 | 4 | 7-6 |

## हकृवि में मधुमक्खी पालन पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

हिसार, 22 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा प्रदेश के बिभिन्न जिलों से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि बढ़ती महंगाई के कारण कृषि उत्पादन की लागत बढ़ रही है तथा अकेले कृषि व्यवसाय से घर कर गुजारा चलाना बहुत मुश्किल हो गया है। इसलिए किसानों के लिए अपनी आमदन बढ़ाने के लिए बेहतर फसल प्रबन्धन के साथ.साथ कृषि आधारित अन्य व्यवसायों को अपनाना आवश्यक हो गया है और मधुमक्खी पालन ऐसा ही एक लाभदायक व्यवसाय है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24-5-23 | | |

## मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दे बांटे प्रमाणपत्र

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साइना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. डीके शर्मा ,डॉ. सतीश कुमार, डॉ. निर्मल कुमार भी मौजूद रहे। ब्यूरो